दिन–बुधवार दिनांक– 05 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के तहत तीन लाख से अधिक लाभार्थी परिवारों के बीच प्रथम किस्त के रूप में एक हजार दो सौ करोड़ रूपये की राशि हस्तांतरित की।

02. राज्य सरकार ने भागलपुर में गंगा नदी पर सुल्तानगंज – अगवानी घाट के बीच निर्माणाधीन पुल के ध्वस्त होने के मामले में निर्माण एजेंसी को प्रतिबंधित किया। दोषी अभियंताओं के खिलाफ आरोप गठित।

03. सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में राजद के बर्खास्त विधान पार्षद सुनील कुमार सिंह की विधान परिषद सदस्यता फिर से हुई बहाल।

04. और, राज्य सरकार ने प्रवासी श्रमिकों के कल्याण के लिए बिहार प्रवासी कामगार ऐप लांच किया।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के तहत तीन लाख लाभार्थी परिवारों के बीच प्रथम किस्त की राशि अंतरित की। श्री कुमार ने लाभार्थी परिवारों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से एक हजार दो सौ करोड़ रूपये भेजे। प्रथम किस्त के रूप में प्रति परिवार चालीस हजार रूपये दिये गये हैं। इस अवसर पर श्री कुमार ने लाभुक परिवारों को बधाई दी। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का सही ढंग से कार्यान्वयन सुनिश्चित करने को कहा, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। इधर, जिला मुख्यालयों में समारोह आयोजित कर प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों का गृह प्रवेश कराया गया।

---

राज्य सरकार ने भागलपुर में गंगा नदी पर सुल्तानगंज – अगवानी घाट के बीच निर्माणाधीन पुल के एक हिस्से के ध्वस्त होने के मामले में निर्माण एजेंसी को प्रतिबंधित कर दिया है। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि मामले में दोषी पाये गए अभियंताओं के खिलाफ आरोप का गठन कर विभागीय कार्रवाई के आदेश दिये गये हैं।

–––बाइट–––

---

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में राजद के बर्खास्त विधान पार्षद सुनील कुमार सिंह की विधान परिषद सदस्यता फिर से बहाल कर दी गयी है। विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने आज सदन में इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार उन्हें बर्खास्त रहने की अवधि के वेतन और अन्य भत्तों का लाभ नहीं मिलेगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की भाव–भंगिमा की नकल करने के आरोप में सुनील कुमार सिंह की सदस्यता समाप्त कर दी गयी थी। विधान परिषद के इस फैसले को उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

---

विधानसभा में आज से वित्तीय वर्ष – दो हजार पच्चीस–छब्बीस के बजट पर चर्चा की शुरूआत हुई। चर्चा कल भी जारी रहेगी। भोजनावकाश के बाद विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने कहा कि सदन में बजट पर दो सौ चालीस मिनट चर्चा होगी। इससे पहले आज सुबह सदन में प्रश्नकाल सुचारू रूप से चला। प्रश्नकाल के दौरान राजद विधायक मुकेश यादव ने गंगा जल की गुणवत्ता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि राज्य में किसी भी जगह गंगा का पानी न तो पीने और न ही नहाने के लायक है। वन और पर्यावरण मंत्री सुनील कुमार ने स्वीकार किया कि शहरों से निकलने वाले अनुपचारित गंदे पानी के कारण गंगा और उसकी सहायक नदियों में बैक्टीरिया की मात्रा मानक स्तर से अधिक है। उन्होंने सदन को बताया कि नदी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए बत्तीस सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किये जा रहे हैं।

एक प्रश्न के उत्तर में शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि शिक्षकों के स्थानांतरण की प्रक्रिया अगले दो महीनों में पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने कहा कि तबादले से असंतुष्ट शिक्षकों के लिए जिला, प्रमंडल और राज्य स्तर पर कमिटी का गठन किया गया है।

———बाइट———

इधर, आज सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले बीपीएससी की सत्तरवीं संयुक्त एकीकृत प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा फिर से करवाने की मांग को लेकर राजद और कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों ने विधानमंडल परिसर में प्रदर्शन किया।

---

राज्य सरकार ने प्रवासी श्रमिकों के कल्याण के लिए आज बिहार प्रवासी कामगार ऐप लांच किया। ऐप का लोकार्पण करते हुए श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कहा कि प्रवासी मजदूरों को इस ऐप के जरिए रोजगार, कौशल विकास, सरकारी योजना और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि सरकार ने बीस लाख प्रवासी मजदूरों के पंजीकरण का लक्ष्य रखा है।

———बाइट———

---

पंचायती राज मंत्रालय ने आज आदर्श महिला–अनुकूल ग्राम पंचायत पहल की शुरुआत की। पंचायती राज राज्य मंत्री एस. पी. सिंह बघेल ने नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि यह पहल मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का एक हिस्सा है। इसका उद्देश्य प्रत्येक जिले में कम से कम एक आदर्श महिला–अनुकूल ग्राम पंचायत की स्थापना करना है।

---

पटना स्थित ललित नारायण मिश्रा आर्थिक विकास और सामाजिक परिवर्तन संस्थान में आज विकसित बिहार की नींव– बजट दो हजार पच्चीस विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि केंद्र के बजट के बाद राज्य के बजट में भी कृषि क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया गया है।

———बाइट———

इधर, आज पटना में भारतीय उद्योग परिसंघ, सीआईआई के बिहार चैप्टर की वार्षिक बैठक आयोजित की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में अब निवेश के अनुकूल माहौल है। उन्होंने कहा कि राज्य में नई औद्योगिक नीति लायी जा रही है, जिससे उद्योग धंधों के लिए और अनुकूल स्थितियां बनेंगी। समारोह को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री नीतीश मिश्र ने कहा कि वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस का बजट भविष्योन्मुखी है। उन्होंने कहा कि राज्य में उद्योग को लेकर उत्साहजनक माहौल बना है।

———बाइट———

---

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज दानापुर में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित मेगा एमएसएमई कैंप का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने जीविका दीदी समूह, एमएसएमई और अन्य क्षेत्रों के चिन्हित लाभार्थियों के बीच चालीस करोड़ रूपये के ऋण वितरित किये।

---

प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है। अधिकांश स्थानों का अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से दो से चार डिग्री सेल्सियस अधिक रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले तीन दिनों के दौरान तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। उन्होंने बताया कि आठ और नौ मार्च को किशनगंज, भागलपुर, बांका और जमुई समेत राज्य के पूर्वी भागों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है।

———बाइट———

---

पटना के मिलर हाई स्कूल मैदान में आज राजद की ओर से युवा चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता ने बदलाव का मन बना लिया है। उन्होंने युवाओं से इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में एकजुटता दिखाते हुए सत्ता परिवर्तन की अपील की।

---

प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में हुए हादसों में आठ लोगों की मौत हो गयी। नवादा जिले के नारदीगंज प्रखंड अंतर्गत राजीव नगर के पास एक बस के ऊपर बिजली का तार टूटकर गिरने से चार लोगों की मौत हो गयी। यह बस राजगीर से खिजरसराय जा रही थी। इधर, सारण जिले के खैरा थाना क्षेत्र के कालुपुर गांव में करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। वहीं, भागलपुर जिले के सुल्तानगंज के वार्ड संख्या–चौदह में एक घर में आग लगने से एक बच्चे की झुलस कर मौत हो गयी। दूसरी तरफ, सारण जिले के अवतार नगर और तरैया थाना क्षेत्र में दो अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो बच्ची की मौत हो गयी।

---

पटना के दरभंगा हाउस में आज छात्रों के दो गुटों के बीच हिंसक झड़प और बमबाजी हुई। एएसपी दीक्षा ने बताया कि बम विस्फोट में एक गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। उन्होंने बताया कि घटना में तीस से चालीस लोगों के शामिल होने की आशंका है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

---

मधुबनी जिले के ललमनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत घोड़–मोहना स्थित एक दुकान में पुलिस और एसएसबी की टीम ने छापेमारी कर भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवा बरामद की है। मौके से चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। इधर, शिवहर पुलिस ने एक सौ बयालीस लीटर शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के तहत तीन लाख से अधिक लाभार्थी परिवारों के बीच प्रथम किस्त के रूप में एक हजार दो सौ करोड़ रूपये की राशि हस्तांतरित की।

02. राज्य सरकार ने भागलपुर में गंगा नदी पर सुल्तानगंज – अगवानी घाट के बीच निर्माणाधीन पुल के ध्वस्त होने के मामले में निर्माण एजेंसी को प्रतिबंधित किया। दोषी अभियंताओं के खिलाफ आरोप गठित।

03. सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में राजद के बर्खास्त विधान पार्षद सुनील कुमार सिंह की विधान परिषद सदस्यता फिर से हुई बहाल।

04. और, राज्य सरकार ने प्रवासी श्रमिकों के कल्याण के लिए बिहार प्रवासी कामगार ऐप लांच किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।